पत्रांक–34 / क्रय–02–01 / 2022

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

निदेशक,
क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता, बाढ़ परिक्षेत्र,
(कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बेगुसराय को छोड़कर)
जल संसाधन विभाग, बिहार

पटना, दिनांक–

विषयः– जल संसाधन विभाग के अधीन बाढ़ प्रक्षेत्र के सभी भंडारों की सामग्रियों के मोनिटरिंग हेतु उपयोग किया जा रहे FMMS (Tally) में वांछित आंकड़े की प्रविष्टि के संबंध में।

प्रसंगः– निदेशालय का पत्रांक–474 दिनांक 12.10.2026 एवं पत्रांक 487 दिनांक 23.10.2026 तथा विभागीय पत्रांक 1 / WRD-IT/IT/02/2022/53 दिनांक 06.03.2026 एवं विभागीय पत्रांक 1 / WRD-IT/IT/02/2022/228 दिनांक 08.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा प्रमंडलाधीन केन्द्रीय / प्रमंडलीय भंडारों में भंडारित बाढ संघर्षात्मक सामग्रियों सहित सभी सामग्रियों की Flood Material Management System, FMMS (Tally Prime Software) में दिनांक 31.10.2026 तक अद्यतन प्रविष्टि करने हेतु निदेशित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

विदित हो कि वर्ष 2026–27 से बाढ़ प्रक्षेत्र अंतर्गत प्रमंडलीय एवं केन्द्रीय भंडारों में भंडारित सामग्रियों के अनुश्रवण कार्य के लिए Tally आधारित FMMS Software के स्थान पर WRD-IT Centre के माध्यम से In-house web-based Customized Inventory Management system विकसित किया गया है एवं Tally आधारित FMMS Software के आंकड़ों को उक्त In-house Software में migrate किया जाना है।

उक्त के आलोक में अपने अधीनस्थ केन्द्रीय / प्रमंडलीय गोदामों में उपलब्ध सामग्रियों की अद्यतन प्रविष्टि FMMS (Tally Prime Software) में करने हेतु पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से लगातार निदेशित किया जा रहा है। परन्तु कतिपय प्रमंडलों द्वारा FMMS (Tally Prime Software) में अद्यतन प्रविष्टि नहीं की जा रही है, जो अत्यंत खेदजनक है।

उक्त के आलोक में पुनः निदेश है कि अपने अधीनस्थ केन्द्रीय / प्रमंडलीय गोदामों में उपलब्ध सामग्रियों की अद्यतन प्रविष्टि FMMS (Tally Prime Software) में शीघ्र अतिशीघ्र करना सुनिश्चित किया जाय। In-house web-based Customized Inventory Management system में आकड़े Migrate नहीं होने की स्थिति में सारी जबाबदेही आपकी होगी।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0 / –
निदेशक
क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक–34 / क्रय–02–01 / 2022– 523 पटना, दिनांक– 05/11/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, WRD-IT Centre, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/11/26
निदेशक

02.01.2022